# समस्त जिला स्तरीय अधिकारी संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें : जिला कलेक्टर



जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

■ जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, ई-फाइलों के समयबद्ध निपटारे, बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने पीएचईडी, एवीएनएल, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, नगर परिषद, श्रम, पशुपालन सहित अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कम प्रगति वाले विभागों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। संपर्क पोर्टल, जन सुनवाई और ई-फाइलिंग की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का विद्युत, आयुर्वेद, सहकारिता, शिक्षा, श्रम, नगर परिषद ,पेंशन का प्रोपर जवाब गुगल शीट में एआरडी विभाग को भिजवाने के निर्देश दिए तथा मुख्यमंत्री जनसुनवाई के प्रकरणों का जवाब 5 दिवस में भिजवायें। उन्होंने कहा कि लू-तापघात, हीटवेब बचाव के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा संस्थानों में दवा,संसाधनों की समुचित व्यवस्था रखें।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों में डिस्पोजल एवरेज में टाईम कम करें। जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग को जिले में पेयजल की माकूल व्यवस्था , विद्युत विभाग ट्रांसफर्मर की व्यवस्था रखें। विद्युत विभाग को आरडीएसस व कुसुम योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि चिकित्सा विभाग टीबी मुक्त अभियान की कार्य योजना तैयार करें। ग्रामीण विकास, नगर परिषद के सहयोग से समन्वय कर कार्य करें। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत एक से 31 मई तक जिले में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। जलदाय विभाग को पाटन, नीमकाथाना, दांतारामगढ़ में पेयजल टैंकर शुरू करने के निर्देश दिए है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि पशुपालन विभाग दोपहर 12 बजे बाद पशुओं से श्रम नहीं करवायें। पशुओं के पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। कृषि विभाग किसानों के लिए खाद्य बीज की उपलब्धता रखें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने नगर परिषद को निर्देश दिए हैं कि प्री-मानसून से पहले नालों की साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की कही पर भी नाले व चैम्बर खुले हुए नहीं होने चाहिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय, लाइट्स पोर्टल और विभिन्न आयोगों से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने आयुर्वेद, सहकारिता, शिक्षा, वन, नगर परिषद और आबकारी विभाग द्वारा लाइट्स पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ दीपक अग्रवाल सहित बैठक से जुडे संबंधित विभागीय अधिकारी जुडे रहें।

## अत्यधिक गर्मी होने के कारण भारवाहक पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रखने के संबंध में दिशा-निर्देश

■ 'पशु मालिक दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे के बीच पशु को न उपयोग में लेगा और न लेने देगा'

**सीकर** (निसं)। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. दीपक अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में राज्य के अधिकांश भागों में ग्रीष्म ऋतु के कारण तापमान में अत्यधिक वृद्धि हो रही है। ऐसे मौसम में भारवाहक पशुओं यथा घोड़े, गधे, खच्चर, बैल, भैंसा आदि को दोपहर के समय तीव्र धूप में कार्य के लिए प्रयुक्त किए जाने से उन्हें हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट तथा मृत्यु जैसी गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पशुओं के कल्याण एवं उनके प्रति करूणामय दुष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में निम्नलिखित विधिक प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

संयुक्त निदेशक अग्रवाल ने बताया कि पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधितियम 1960 की धारा 3 के अनुसार किसी जीव जन्तु की देखभाल करने वाले या उसे रखने वाले हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह ऐसे जीव जन्तु का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए और ऐसे जीव जन्तु को अनावश्यक पीड़ा या यातना देने का निवारण करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा। उन्होंने बताया कि भार ढोने वाले और माल ढोने वाले पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण नियम 1965 के नियम के अनुसार जिन क्षेत्रों में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहता हो, वहां दोपहर को 12 बजे से अपराह्न 3 बजे के बीच पशु को न उपयोग में लेगा और न लेने देगा।

पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण ;पशुओं का पैदल परिवहन नियम 2001 के अनुसार 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर किसी जानवर का पैदल परिवहन नहीं करेगा तथा कृषि कार्यों तथा यातायात के लिए उपयोग में लाए जा रहे पशुओं के लिए पर्याप्त छाया, शीतल व स्वच्छ पेयजल तथा पौष्टिक चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पशु मालिकों को विभिन्न संचार माध्यमों से जागरूक किया जावें।

## सार-समाचार

### जयंती पर गायों को गुड़ खिलाया

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय पिंजरापोल गौशाला में शिक्षाविद स्व चिरंजीलाल लाटा की 97वी जन्म जयंती के अवसर पर गायों को गुड और लापसी खिलाई गई। स्व लाटा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पण के साथ शुरू हुवे कार्यक्रम में वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, जयाकांत बीवाल, रमेश लाटा मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों ने शिक्षाविद स्व लाटा के जीवन परिचय पर विस्तार से जानकारी देते हुवे बताया कि लाटा परिवार ने सरदारशहर में शिक्षा की अलख जगाते हुवे ना केवल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये बल्कि गरीब परिवार के बच्चो की भी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान की। इस अवसर पर पुत्र रमेश लाटा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोशाला में गायों को लापसी व गुड़ खिलाई गई। इस अवसर पर लीलाधर लाटा, सुशील इंदोरिया, विष्णु धर्ड, रामदेव चन्दनिया, धनराज इन्दोरिया, नंदकिशोर लाटा, ओमप्रकाश, जगदीश, भागीरथ मंडार, लोकेश चौमाल, अविनाश, पंकज पीपलवा, जगदीश, नरेश लाटा, राहुल लाटा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन विनोद चौमाल ने किया।

### भारत विकास परिषद् का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। सरदारशहर बाई पास रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला में भारत विकास परिषद्, शाखा रतनगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का दायित्व ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) वासुदेव चाकलान ने रतनगढ़ शाखा के सत्र 2025-26 के लिए निर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर, सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार शर्मा, शाखा संयोजक सम्पर्क एड जयकांत बींवाल, शाखा संयोजक सेवा कैलाश आत्रेय, शाखा संयोजक पर्यावरण शुकदेव सांखोलिया के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर मनोनीत प्रकल्प प्रभारियों को अपने नवीन दायित्व की शपथ दिलाई। जिला सहसमन्वयक वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा ने परिषद् के पांच मुख्य मंत्र सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर परिषद् के सदस्य संजय कौशिक व भवानी सिंह राजपुरोहित के आर्थिक सौजन्य से गौशाला परिसर में मूक पक्षियों हेतु 31 परिंडे लगाये गये। वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा द्वारा एक पिकअप चारा व गुप्त भामाशाह द्वारा सवा क्विंटल मीठा दलिया गौवंश हेतु उपलब्ध करवाया गया। इस अवसर पर संरक्षक मदनलाल कम्मा, विनोद कुमार वर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, रघुनाथ प्रसाद इन्दौरिया, हिमांशु मालपुरिया, ओम मनोहर स्वामी, पवन माटोलिया, बनवारी लाल जांगिड़, दौलतराम दायमा,पवन महर्षि, भंवरलाल टेलर, पंकज पीपलवा, अंजनी चोटिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### वनशाला शिविर का शुभारंभ

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मोहिनी देवी गोयनका गर्ल्स बी.एड कॉलेज में पाँच दिवसीय वनशाला शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। शिविराधिपति एवं प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि 5 में से 9 मई तक आयोजित होने वाले इस वनशाला शिविर में प्रथम दिवस को उद्घाटन सत्र के रूप में मुख्य अतिथि गोयनका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य मदनलाल ढाका थे जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वनशाला शिविर विद्यार्थियों में विपरीत परिस्थितियों में स्थानीय संसाधनों से जीवन यापन की कला सीखाता है। उन्होंने छात्राध्यापिकाओं से आ ान किया कि आप इस पाँच दिवसीय शिविर के दौरान एक वृक्ष अवश्य लगाएँ एवं उसकी देखभाल करने का प्रण लें तभी आपका शिविर सार्थक होगा। इससे पूर्व शिविराधिपति ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके स्वागत किया। शिविर प्रभारी शारदा कुमारी ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी तथा पक्षियों हेतु पेड़ों पर परिंडे बाँधे गए। शिविर प्रभारी के अनुसार शिविर के दौरान छात्राध्यापिकाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसी थीम को आधार बनाते हुए गृह सज्जा प्रदर्शनी, जनचेतना रैली, नुक्कड़ नाटक,भित्ति पत्रिका, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### महिला महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। एनएच 52 पर स्थित मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स को वनराज गर्ल्स बटालियन एनसीसी यूनिट में रैंक प्रदान की गई। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि 12एनसीसी कैडेट्स को रैंक प्रदान की। एनसीसी ऑफिसर निर्मला ढाका ने बताया कि सीनियर अंडर ऑफिसर अंजेश ढाका, अंडर ऑफिसर विनीता सोनी, सारजेंट रुचिका भेडा, कॉरपोरल विनीता बिजारणियां, योगिता, अनुष्का, लेंस कॉरपोरल रजनी कुमारी, वर्षा, नौशिन पठान, भावना जांगिड, पूजा, सोनिया को 1.राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी जयपुर के स़ी.ओ. बी एम एस परमार ने रैंक प्रदान की। इस अवसर पर सूबेदार कृष्ण शर्मा भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रबंधन समिति एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने रैंक प्राप्त करने वाली सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे पुनर्गठन क संबंध में शेखीवास व बाटडानाऊ के ग्रामीणों ने द्वारा उपखंड अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर ग्राम शेखीवास को पूर्व की भांति ग्राम पंचायत बाटड़ानाऊ में ही यथावत रखे जाने हेतु आपत्ति प्रस्तुत की गई इस दौरान ग्राम शेखीवास के लोगों द्वारा हस्ताक्षिरत आपत्ति पत्र उपखण्ड अधिकारी को प्रस्तुत किया गया तथा राजनीतिक दुर्भावना से किये जा रहे परिसीमन का विरोध जताते हुए ज्ञापन दिया इस अवसर पर बाटडानाऊ के पुर्व सरपंच हंसराज बाटड़, नरेंद्र बाटड पटवारी, गजराज सिंह, विजयपाल बाटड, शिशपाल बाटड, अंजय सिंह बाटड, शेखीवास के हरदयाल मास्टर, रिछपाल मास्टर, कजोड रिणवा, रुघनाथ सिंह, बिरबल पंच सहित ग्रामीण उपस्थित थे।


## नगरीय निकायों के उप चुनाव माह मई-जून 2025 चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

**सीकर** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि आयोग द्वारा राज्य के नगरीय निकायों में 31 जनवरी 2025 तक विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। उप चुनाव के लिए कार्यक्रम निम्नानुसार है। उन्होंने बताया कि लोक सूचना जारी करने की तिथि 12 मई 2025 सोमवार, नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 16 मई 2025 शुक्रवार को प्रात: 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक, नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 17 मई 2025 शनिवार को प्रात: 10.30 बजे, अभ्यर्थिता वापिस लेने की तिथि 19 मई 2025 सोमवार को अपराह्न 3 बजे तक, चुनाव चिन्हों का आवंटन 20 मई 2025 मंगलवार को, मतदान की तिथि एवं समय 26 मई 2025 सोमवार को मतगणना की तिथि एवं समय प्रात: 7 बजे से अपराह्न 5 बजे तक, मतगणना की तिथि एवं समय 27 मई 2025 मंगलवार को प्रात: 9 बजे से की जाएगी।

# झुंझुनूं डिटीओ पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर समाज के लोगों में रोष व्याप्त

**खेतड़ी,** (निसं)। झुंझुनूं जिला परिवहन अधिकारी पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जांगिड़ समाज के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। विश्वकर्मा सेवा मंडल की ओर से पूर्व मंत्री के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया है। श्री विश्वकर्मा सेवा मंडल की ओर से एसडीएम मुकेश चौधरी को दिए ज्ञापन में बताया कि झुंझुनूं जिला परिवहन अधिकारी मखनलाल जांगिड़ ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अवैध परिवहन पर कार्रवाई की थी। अवैध परिवहन से जुड़े लोगों को यह राष नहीं आया तथा कार्रवाई से नाराज असमाजिक तत्वों ने पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के नेतृत्व में मखनलाल जांगिड़ व उसके परिवार के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया।

परिवार पर की गई टीप्पणी से समाज में काफी आक्रोश पनप रहा है। जिसको लेकर समिति की ओर से जांगिड़ समाज की बैठक का आयोजन कर पूर्व मंत्री के ब्यान को लेकर निंदा की गई। समिति अध्यक्ष प्यारेलाल जांगिड ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी मखनलाल जांगिड ने झुंझुनूं जिले में ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई करते हुए सरकार के निर्देश पर उनके चालान करने की कार्रवाई की थी। इसके बाद डंपर चालक जिला परिवहन कार्यालय के सामने धरने पर बैठे हुए है। दो दिन पहले धरने को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने डीटीओ व उसके परिवार पर अमर्यादित टिप्पणी कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से पूर्व मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर राधेश्याम जांगिड, राकेश कुमार, महेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।



एसडीएम को ज्ञापन देकर की पूर्व मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# 'यंत्रों पर अनुदान के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड जरूरी'

■ 'एक जनाधार पर एक कृषि यंत्र पर ले सकेंगे लाभ'

■ 'खेती के लिए आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने पर मिलेगा अनुदान'

**सीकर** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार किसानों को खेती के लिए आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने पर अनुदान मिलेगा। इसके लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड देना अनिवार्य होगा।

कृषि विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए नई गाइड लाइन जारी की है। अब एक जनाधार पर तीन साल में केवल एक ही कृषि यंत्र पर अनुदान मिलेगा। किसान 30 जून तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

मई की शुरुआत में राज किसान पोर्टल पर आवेदन शुरू हुए, लेकिन पोर्टल पर फाइल अपलोड करने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड मांगा गया। कई किसानों के पास यह कार्ड नहीं था, जिससे उनकी फाइल ऑनलाइन नहीं हो पाई। किसान अब मिट्टी का सैंपल देकर कार्ड बनवाने में जुटे हैं। पोर्टल एक महीने बाद भी बार-बार तकनीकी खराबी के कारण बंद हो जाता है। इससे किसान परेशान हैं।

संयुक्त निदेशक कृषि रामनिवास पालीवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब एक जनाधार पर तीन साल में एक ही यंत्र पर अनुदान मिलेगा।

एक से अधिक फाइलें अपलोड करने पर केवल एक को प्रशासनिक स्वीकृति मिलेगी। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बिना आवेदन अधूरा माना जाएगा। दस्तावेजों की कमी होने पर किसान को एसएमएस भेजा जाएगा। 15 दिन में कमी पूरी नहीं करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

प्रशासनिक स्वीकृति के 45 दिन के भीतर यंत्र नहीं लेने पर भी आवेदन रद्द हो जाएगा।

**एक वित्तीय वर्ष में एक ही यंत्र पर अनुदान, किसान के नाम भूमि हो:-** उन्होंने बताया कि रोटावेटर, थ्रेसर, कल्टीवेटर, बण्डफार्मर, रोपर, सीड कम फर्टिलाइजर, डिस्क हैरो, प्लाऊ, ड्रिल, टैंकर चालित यंत्रों पर अअनुदान मिलेगा।

किसान को पंजीकृत फर्म से ही यंत्र खरीदना होगा। सत्यापन के बाद अनुदान जनाधार से जुडे खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। एक किसान को एक वित्तीय वर्ष में एक ही यंत्र पर अनुदान मिलेगा।

आवेदन के लिए किसान के नाम भूमि होना जरूरी है। ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन भी किसान के नाम होना चाहिए। मोबाइल नंबर आधार से जुड़ा होना चाहिए।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नवीनतम जमाबंदी की नकल, ट्रैक्टर की आरसी और कोटेशन जरूरी होंगे। कोटेशन में किसान की श्रेणी और ट्रैक्टर की बीएचपी अंकित होनी चाहिए। किसान ई-मित्र या स्वयं राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। पुराने कृषि यंत्रों पर अनुदान नहीं मिलेगा।

**पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा:-** एक लाख रुपए से अधिक कीमत के यंत्रों पर एप आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पावर्ड टेलीमेटिक्स किट लगाना जरूरी होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, लघु सीमांत और महिला किसानों को ट्रैक्टर की बीएचपी के आधार पर 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। अन्य किसानों को 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। अनुदान पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेगा।

## विद्यालय मर्ज के विरोध में ग्रामीणों का धरना जारी

**सादुलपुर,** (निसं)। शहीद सिपाही दुलीचंद राजकीय उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय, लम्बोर बडी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लम्बोर बडी में मर्ज किए जाने के आदेश के विरोध में ग्रामीणों का सोमवार को पाँचवे दिन धरना जारी रहा। शाम पांच बजे दी जानकारी में धरने पर बैठकर मांग के समर्थन में ग्रामीणों ने कार्रवाई नहीं होने पर नारे बाजी कर प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर जमकर विरोध जताया है। इस मौके पर ग्रामीणों ने विद्यालय के मर्ज आदेश को रद्द करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया गया कि 15 अप्रैल 2025 को जारी आदेश की जानकारी उन्हें 26 अप्रैल 2025 को मिली, जब छात्राओं को उच्च विद्यालय में स्थानांतरित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव लम्बोर बडी और खेडी में केवल एक ही बालिका विद्यालय है, जिसमें वर्तमान में 99 छात्राओं का नामांकन है। गांव में लगभग 7500 की जनसंख्या है, जिनमें अधिकतर किसान वर्ग से आते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि विद्यालय का विलय होता है तो गरीब वर्ग की अनेक बालिकाएं शिक्षा से वंचित रह जाएंगी। स्कूल में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, फिर भी जबरन विलय से छात्राओं को भारी असुविधा होगी। ग्रामीण ने कहा कि विद्यार्थियों की परीक्षाओं के चलते तालाबंदी को आगे बढा दिया गया है तथा जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक करना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# चांदगोठी में शहीद सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण हुआ

■ भारत माता जिंदाबाद के नारों के साथ गूंज उठा गांव

■ 'शहीदों को लोक देवता मानकर कर पूजा अर्चना करें'

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ तहसील के चांदगोठी गांव में शहीद सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड की प्रतिमा का अनावरण सोमवार को समारोह पूर्वक किया गया। शाम छ: बजे दी जानकारी में इस मौके शहीद परिवार का सम्मान भी किया गया। दिन भर चले कार्यक्रम में भारत जिंदाबाद के नारों से समूचा गांव गूंज उठा।

शहीद की प्रतिमा का अनावरण विधायक मनोज न्यांगली तथा पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया एवं पंचायत समिति प्रधान विनोद देवी ने किया। इस मौके पर विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि देश की रक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त होने वाला शहीद अमर होने के साथ-साथ देश भावना का भी संदेश दे जाता है। उन्होंने कहा कि शहीदों को लोक देवता मानकर पूजा अर्चना करें, ताकि आने वाली पीढियां को शहीदों की शहादत का ज्ञान हो सके तथा उनमें देशभक्ति और देश की रक्षा की भावना का वातावरण बन सके। इस मौके पर पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया ने कहा कि शहीद की कोई जाति धर्म नहीं होता है। सिर्फ देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करना ही उनका धर्म होता है।

लेकिन जरूरत इस बात की है कि शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर देश के युवा नौजवान वर्ग देश की रक्षा के लिए कम करें। पंचायत समिति प्रधान विनोद देवी ने राष्ट्रीय राजमार्ग 7०9 से शहीद स्मारक के मुख्य द्वार तक खुर्रा निर्माण की घोषणा की। पिलानी नगर पालिका ने वॉयस चेयरमैन रोहिताश सिंह पिलानी में रह रहे शहीद परिवारों के घरों के चारों तरफ सडक निर्माण करने तथा पिलानी की हरी नगर में बना रहे मॉडल पार्क का नाम शहीद के नाम से करने की घोषणा की।

इस मौके पर देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों ने जमकर तालियां बटोरी। इस मौके पर अतिथियों ने शहीद परिवार का अभिनंदन कर सम्मान किया। सरपच भरतसिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जोगेन्द्र झाझडिया, डॉ कोशल पूनिया, पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष मुकेश पूनिया, धीर सिह राठौड, कैप्टेन ओमप्रकाश, कैप्टेन धर्मपाल रणवा, कैप्टेन विद्याधर पूनियां, सुबेदार रामचन्द्र, सुबेदार रामवीर, सुबेदार जयप्रकाश डूडी, सुबेदार मेजर कल्याण सिंह सिह कैप्टेन सुभाष, हवलदार भरतलाल डूडी, कैप्टेन रण्वीर सिंह नवां, सीपीओ महावीर सिंह डूडी ने शहीदों की शहादत पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा शहीद सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होने का संदेश दिया। इस मौके पर विक्रम सिंह, जयसिंह पवन सिंह रघुवीर सिंह, बिशन सिंह, भवानी सिंह, नरेंद सिंह, ओमप्रकाश गोस्वामी, होशियार सिंह पूर्व सरपंच, धर्मवीर बीडीसी, रामकुमार सिंह, ताराचंद सिक्का आदि सहित गांव के प्रमुख लोगों ने भागीदारी निभाई। गौरतलब है कि शहीद सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड 18 मार्च 2०22 को जम्मू कश्मीर में देश के दुश्मनों को खदेडते वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उनके दो पुत्र सोनू ओर मोनू हैं, वीरांगना बबिता कंवर तथा शहीद की माता प्रेम कंवर हैं, मगर पिता देव लोक गमन हो गए।



राजगढ़ तहसील के चांदगोठी गांव में शहीद सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड की प्रतिमा का अनावरण समारोह पूर्वक किया गया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 49/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री बनवारी लाल पुत्र श्री देवी सिंह निवासी 12/38 न्यू हाउसिंग बोर्ड, नवलगढ रोड, सीकर-333042 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत नव प्रेरणा शिक्षण संस्थान, नवलगढ रोड, सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 08.07.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर